www.kautilyaacademy.com

/Kautilyaacademy

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

- अंतर्राष्ट्रीय
- राष्ट्रीय
- विज्ञान
- अध्ययन
- पर्यावरण
- राजव्यवस्था
- योजना/ नीति
- कला-संस्कृति
- अर्थव्यवस्था
- सामाजिक मुद्दे



## डेली करेंट अफ़ेयर्स

16 अप्रैल 2024

# ईरान- इजराइल विवाद :

- ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष शुरू हो गया है | ईरान ने 150 क्रूज मिसाइल और 200 से ज्यादा ड्रोन के जरिए इजरायल पर हमला किया है|

## युद्ध का तात्कालिक कारण; -

- दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर 1 अप्रैल को हमला हुआ था|इसमें ईरान के दो वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की मौत हो गई थी| इसी के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी थी| हमले के लिए ईरान ने इसराइल को ज़िम्मेदार ठहराया था|

## इसराइल और ईरान के युद्ध की शुरुआत ;-

- इसराइल और ईरान में ख़ूनी प्रतिद्वंद्विता सालों से चली आ रही है |इस प्रतिद्वंद्विता की तीव्रता भू राजनीतिक हालात पर घटती-बढ़ती रहती है|इसकी नब्ज़ मध्य-पूर्व में अस्थिरता के मुख्य स्रोतों में से एक बन गई है|
- ईरान के लिए इसराइल के पास उसके अस्तित्व में रहने का कोई अधिकार नहीं है |ईरान के शासक इसराइल को 'छोटा शैतान' मानते हैं, जो मध्य-पूर्व में अमेरिका का सहयोगी है| अमेरिका को वो 'बड़ा शैतान' बताते हैं| ईरान चाहता है कि अमेरिका और इसराइल इस क्षेत्र से गायब हो जाएं|
- इसराइल ईरान पर चरमपंथी समूहों के वित्त पोषण और अयातुल्ला के यहूदी-विरोधी भावना से प्रेरित होकर उसके हितों के ख़िलाफ़ हमला करने का आरोप लगाता है|
- इन दो कट्टर दुश्मनों की प्रतिद्वंद्विता में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं |यह अक्सर गुप्त कार्रवाइयों का परिणाम होता है|इसकी ज़िम्मेदारी कोई भी सरकार नहीं लेती है|
- ग़ज़ा में जारी युद्ध ने हालात को और भी बदतर बना दिया है|

## ईरान और इसराइल की दुश्मनी ;-

- इसराइल और ईरान के संबंध 1979 तक काफी सौहार्दपूर्ण थे| उस दौरान अयातुल्लाह ख़ोमैनी की तथाकथित इस्लामी क्रांति ने तेहरान में सत्ता हासिल की थी|
- हालांकि इसने फ़लस्तीन के विभाजन की योजना का विरोध किया था| इसकी वजह से 1948 में इसराइल राज्य का निर्माण हुआ था|तुर्की के बाद ईरान इसराइल को मान्यता देने वाला दूसरा मुस्लिम बहुल देश था|
- उस समय, ईरान पहलवी वंश के शाहों की ओर से शासित एक राजतंत्र था|वह मध्य-पूर्व में अमेरिका के मुख्य सहयोगियों में से एक था| इस वजह से इसराइल के संस्थापक और उसकी पहली सरकार के प्रमुख डेविड बेन-गुरियन ने अपने अरब पड़ोसियों द्वारा नए यहूदी राज्य के प्रति ईरान की मित्रता की तलाश कर उसे हा सिल किया|
- लेकिन 1979 में अयातुल्लाह ख़ोमैनी की क्रांति ने शाह को उखाड़ फेंका और एक इस्लामी गणतंत्र लागू किया |उन्होंने ख़ुद को पीड़ितों के रक्षक के रूप में पेश किया| अमेरिका और उसके सहयोगी इसराइल के साम्राज्यवाद को नकारना उनकी मुख्य पहचान थी|

- अयातुल्लाह की सरकार ने इसराइल के साथ संबंध तोड़ लिए। उसने उसके नागरिकों के पासपोर्ट की वैधता को मान्यता देना बंद कर दिया और तेहरान में इसराइली दूतावास को ज़ब्त कर फ़लस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइज़ेशन (पीएलओ) को सौंप दिया। उस समय अलग फ़लस्तीन राज्य के लिए इसराइल के ख़िलाफ लड़ाई का नेतृत्व पीएलए कर रहा था।




## अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई)-2024 :


- **2024 के मार्च महीने** के लिए अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) संख्या पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर, मार्च, 2023 की तुलना में, 0.53% (अनंतिम) है।
- **मार्च, 2024** में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, मशीनरी और उपकरण तथा अन्य विनिर्मित सामानों आदि की कीमतों में बढोतरी के कारण है।

| सभी वस्तुएं/प्रमुख समूह | वज़न (प्रतिशत) | जनवरी-24 | | फरवरी-24 (पी) | | मार्च-24 (पी) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सूचकांक | मुद्रास्फ़ीति | सूचकांक | मुद्रास्फ़ीति | सूचकांक | मुद्रा स्फ़ीति |
| सभी वस्तुएं | 100.00 | 151.2 | 0.33 | 151.2 | 0.20 | 151.8 | 0.53 |
| 1. प्राथमिक वस्तुएं | 22.62 | 181.4 | 4.07 | 181.4 | 4.49 | 183.1 | 4.51 |
| 2. ईंधन और बिजली | 13.15 | 154.9 | -0.45 | 155.1 | -1.59 | 155.2 | -0.77 |
| 3. विनिर्मित उत्पाद | 64.23 | 139.7 | -1.20 | 139.8 | -1.27 | 140.1 | -0.85 |
| खाद्य सूचकांक | 24.38 | 178.1 | 3.85 | 178.3 | 4.09 | 180.1 | 4.65 |

- मार्च, 2024 के महीने के लिए डब्ल्यूपीआई सूचकांक में महीने दर महीने परिवर्तन फरवरी , 2024 की तुलना में 0.40 प्रतिशत रहा|

| सभी वस्तुएं/प्रमुख समूह | वज़न | अक्टूबर-23 | नवंबर-23 | दिसम्बर-23 | जनवरी-24 | फरवरी-24 (पी) | मार्च-24 (पी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सभी वस्तुएं | 100.00 | 0.46 | 0.39 | -0.85 | -0.40 | 0.00 | 0.40 |
| I. प्राथमिक वस्तुएं | 22.62 | 0.93 | 1.24 | -2.56 | -0.77 | 0.00 | 0.94 |
| 2. ईंधन और बिजली | 13.15 | 1.57 | 0.45 | -0.26 | -0.58 | 0.13 | 0.06 |
| 3. विनिर्मित उत्पाद | 64.23 | 0.00 | -0.14 | -0.14 | -0.21 | 0.07 | 0.21 |
| खाद्य सूचकांक | 24.38 | 1.07 | 2.00 | -2.18 | -1.00 | 0.11 | 1.01 |

- **प्राथमिक वस्तुएं (भार 22.62 प्रतिशत):-** इस प्रमुख समूह का सूचकांक फरवरी, 2024 के 181.4 (अनंतिम) से मार्च, 2024 में 0.94 प्रतिशत बढ़कर 183.1 (अनंतिम) हो गया| कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतें (1.35 प्रतिशत), खाद्य सामग्री (1.0 प्रतिशत), खनिज (0.58 प्रतिशत) और गैर-खाद्य सामग्री (0.44 प्रतिशत), फरवरी, 2024 की तुलना में, मार्च, 2024 में बढ़ीं|




- **ईंधन और बिजली (भार 13.15 प्रतिशत): -** इस प्रमुख समूह का सूचकांक फरवरी, 2024 के 155.1 (अनंतिम) से मार्च, 2024 में 0.06 प्रतिशत बढ़कर 155.2 (अनंतिम) हो गया| फरवरी, 2024 की तुलना में, बिजली की कीमतें (0.13 प्रतिशत) और खनिज तेल की कीमतों में (0.13 प्रतिशत) की वृद्धि मार्च, 2024 में दर्ज की गई| फरवरी, 2024 की तुलना में, मार्च, 2024 में कोयले की कीमतों में (-0.15 प्रतिशत) गिरावट आई|
- **विनिर्मित उत्पाद (भार 64.23 प्रतिशत):-** इस प्रमुख समूह का सूचकांक फरवरी, 2024 के 139.8 (अनंतिम) से मार्च, 2024 में 0.21 प्रतिशत बढ़कर 140.1 (अनंतिम) हो गया| 22 एनआईसी दो-अंकीय समूहों में से विनिर्मित उत्पादों के लिए, 11 समूहों में कीमतों में वृद्धि देखी गई , 9 समूहों में कीमतों में कमी देखी गई और 2 समूहों ने कीमतों में कोई बदलाव नहीं प्रदर्शित किया|
- **डब्ल्यूपीआई खाद्य सूचकांक (भार 24.38 प्रतिशत):** खाद्य सूचकांक, जिसमें प्राथमिक वस्तु समूह से 'खाद्य सामग्री' और विनिर्मित उत्पाद समूह से 'खाद्य उत्पाद' शामिल हैं, फरवरी, 2024 में 178.3 से बढ़कर मार्च, 2024 में 180.1 हो गया है| डब्ल्यूपीआई खाद्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति दर फरवरी, 2024 में 4.09 प्रतिशत से बढ़कर मार्च, 2024 में 4.65 प्रतिशत हो गई|

# अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की महत्वपूर्ण बैठक :

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की हाल ही मे वाशिंगटन में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसका उद्देश्य कर्जे के बोझ तले दबे देशों और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में सहयोग करना है |
- बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रकाशन विश्व आर्थिक दृष्टिकोण को भी जारी किया गया|
- इस बैठक में केन्द्रीय बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न देशों के वित्त और विकास मंत्री, शिक्षाविद और निजी क्षेत्र तथा नागरिक समाज के प्रतिनिधि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चर्चा की|
- इस वर्ष इन दोनों वैश्विक संस्थानों की 80वीं वर्षगांठ है|

## अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष;-




- IMF की स्थापना जुलाई 1944 में संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यू हैंपशायर में संयुक्त राष्ट्र ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में हुई थी|
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष 190 देशों का संगठन है|
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का मुख्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका में वाशिंगटन डी.सी. में स्थित है|इसकी स्थापना 1944 में हुई थी|
- यह वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करने, अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सुगम बनाने, उच्च रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और दुनिया भर में गरीबी को कम करने के लिए कार्य कर रहा है|
- क्रिस्टालिना इवानोवा जॉर्जीवा 2019 से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में सेवारत बुल्गारियाई अर्थशास्त्री हैं|

## विश्व बैंक;-

- इसे वर्ष 1944 में IMF के साथ मिलकर पुनर्निर्माण और विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय बैंक (IBRD) के रूप में स्थापित किया गया था|बाद में IBRD विश्व बैंक बन गया|
- विश्व बैंक समूह पाँच संस्थानों की एक अनूठी वैश्विक साझेदारी है जो विकासशील देशों में गरीबी को कम करने और साझा समृद्धि का निर्माण करने वाले स्थायी समाधानों के लिये कार्य कर रहा है |
- विश्व बैंक संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसियों में से एक है |
- सदस्य: 189 देश इसके सदस्य हैं|
- भारत भी इसका सदस्य है|
- पाँच विकास संस्थान:

1. अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (IBRD)
2. अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA)
3. अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
4. बहुपक्षीय गारंटी एजेंसी (MIGA)
5. निवेश विवादों के निपटान के लिये अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (ICSID)

- भारत ICSID का सदस्य नहीं है|
- 16.41% वोटों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा एकल शेयरधारक है , इसके बाद जापान (7.87%), जर्मनी (4.49%), यूनाइटेड किंगडम (4.31%), और फ्राँस (4.31%) का स्थान है| शेष शेयर अन्य सदस्य देशों के बीच विभाजित हैं|

# डेली करंट अफेयर्स (MCQ)

1. हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे तीन साल के लिए UGC के सदस्य के रूप में नामित किया है ?

(A) आशीष कुमार चौहान (B) श्रीधर वैम्बू (C) संजय सिंह (D) A और B दोनो

Ans;-A और B दोनो

2. कौनसा देश 60% कुप्रबंधित प्लास्टिक कचरे के लिए जिम्मेदार देशो की सूची में शामिल हुआ है ?

(A) भारत (B) पाकिस्तान (C) बांग्लादेश (D) म्यांमार

Ans;-भारत

3. हाल ही में किस देश के बैडमिन्टन खिलाड़ी जोनाटन क्रिस्टी ने एशिया बैडमिन्टन खिताब जीता है ?

(A) इंडोनेशिया (B) रूस (C) चीन (D) जापान

Ans;-इंडोनेशिया

4. टी20 मैच में 500 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर कौन बने हैं?

(A) विराट कोहली (B) हार्दिक पांड्या (C) रोहित शर्मा (D) महेंद्र सिंह धोनी

Ans;-रोहित शर्मा

5. DRDO एवं भारतीय सेना ने स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण कहां किया है?

(A) ग्वालियर (B) लखनऊ (C) पोखरण (D) देहरादून

Ans;-पोखरण

6. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के प्रबंध निदेशक के रूप में फिर से किसे चुना गया है ?

(A) गिरीश चंद्र मुर्मू (B) अजय बंगा (C) क्रिस्टालिना जॉर्जीवा (D) एंटोनियो गुटेरेस

Ans;-क्रिस्टालिना जॉर्जीवा